Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

(संग्रह)



## दिसंबर भाग-1 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

**1. "प्रेसमड" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रेसमड, जिसे फिल्टर केक अथवा प्रेस केक के रूप में भी जाना जाता है, चीनी उद्योग में एक अवशिष्ट उप-उत्पाद है जिसने हरित ऊर्जा उत्पादन के लिये एक मूल्यवान संसाधन के रूप में मान्यता प्राप्त की है।
2. इसका उपयोग वायवीय अपघटन के माध्यम से बायोगैस उत्पादन के लिये फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करके अतिरिक्त आय सृजन करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे संपीड़ित बायोगैस (CBG) का उत्पादन होता है।
3. अवायवीय पाचन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से बैक्टीरिया ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कार्बनिक पदार्थों को तोड़ देते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**2. "एजुकेशन प्लस के लिये एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली (UDISE+) रिपोर्ट" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक व्यापक अध्ययन है जो स्कूली छात्रों के नामांकन और ड्रॉपआउट दर, स्कूलों में शिक्षकों की संख्या आदि के बारे में जानकारी प्रदान करता है।
2. इसे वर्ष 2018-2019 में डेटा प्रविष्टि में तेज़ी लाने, त्रुटियों को कम करने, डेटा गुणवत्ता में सुधार तथा सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये लॉन्च किया गया था।
3. यह UDISE का एक अद्यतन और उन्नत संस्करण है, जिसे वर्ष 2017-18 में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**3. "चुनावी बॉण्ड योजना" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. चुनावी बॉण्ड प्रणाली को वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से पेश किया गया था और इसे वर्ष 2018 में लागू किया गया था।
2. वित्त अधिनियम, 2017 में संशोधन के माध्यम से केंद्र सरकार ने राजनीतिक दलों को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त दान का प्रकटीकरण करने से छूट दी है।
3. इसका अर्थ यह है कि मतदाताओं को यह नहीं पता होगा कि किस व्यक्ति, कंपनी अथवा संगठन ने किस पार्टी को और कितनी मात्रा में फंड दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन I:**

**रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (REIT) निवेश माध्यम हैं जो व्यक्तियों को संपत्तियों का सीधे प्रबंधन या स्वामित्व किये बिना बड़े पैमाने पर आय-उत्पादक रियल एस्टेट में निवेश करने की अनुमति देते हैं।**

**कथन II:**

**वे रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने के लिये कई निवेशकों से पूंजी एकत्र करते हैं, जिसमें आवासीय या वाणिज्यिक संपत्तियां, शॉपिंग सेंटर, कार्यालय भवन, होटल आदि शामिल हो सकते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (FTSC) विशेष न्यायालय हैं जिनकी स्थापना यौन अपराधों से संबंधित मामलों की सुनवाई प्रक्रिया में तेज़ी लाने के प्राथमिक उद्देश्य से की गई है।
2. ज़िला और अधीनस्थ अदालतों में लंबित मामलों को काफी हद तक कम करने के लिये वर्ष 2000 में ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा पहली बार फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (FTSC) की सिफारिश की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न ही 1 और न ही 2

**6. यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (UNLF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. UNLF उन सात "मैतेई चरमपंथी संगठनों" में से एक है जिन पर केंद्र सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम, 1967 के तहत प्रतिबंध लगाया है।
2. UNLF भारतीय क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह कार्य कर रहा है।
3. हाल ही में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने UNLF के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**7. आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह नीति आयोग के तहत राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन (NSO) द्वारा आयोजित किया जाने वाला एक सर्वेक्षण है।
2. इसे NSO द्वारा अप्रैल 2017 में शुरू किया गया था।
3. इसका उद्देश्य वार्षिक तौर पर ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 'सामान्य स्थिति' और CWS दोनों में रोज़गार एवं बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान लगाना है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 2 और 3

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**8. तेज़ रेडियो विस्फोट (FRBs) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. फास्ट रेडियो बर्स्ट (FRB) गहन अंतरिक्ष से उत्पन्न होने वाले रेडियो फ्रीक्वेंसी उत्सर्जन के शक्तिशाली और संक्षिप्त विस्फोट हैं।
2. ये रहस्यमय और तीव्र संकेत कई दिनों तक चलते हैं और करोड़ों सूर्यों के बराबर ऊर्जा निर्मुक्त करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**9 . 15वें वित्त आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 15वें वित्त आयोग ने 2021-26 की अवधि के लिये केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 42% बनाए रखने का प्रस्ताव रखा।
2. जनसंख्या (2011) और 'कर एवं राजकोषीय प्रयास' 15वें वित्त आयोग द्वारा पेश किये गए थे।
3. आयोग ने अनुशंसा की कि केंद्र का लक्ष्य 2025-26 तक अपने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4% तक सीमित करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**10. पेरिस क्लब के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**1. यह स्वयं को एक ऐसे मंच के रूप में वर्णित करता है जहाँ आधिकारिक ऋणदाता देनदार देशों के सामने आने वाली भुगतान कठिनाइयों को हल करने के लिये मिलते हैं।**

**2. भारत इस क्लब का सक्रिय सदस्य है।**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**


A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**



**11. 'कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय है।
2. संयुक्त राष्ट्र आर्थिक और सामाजिक परिषद (ECOSOC) का स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों (SPS) के अनुप्रयोग पर समझौता अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा व्यापार विवाद निपटान के लिये संदर्भ मानकों के रूप में कोडेक्स मानकों, दिशा-निर्देशों एवं सिफारिशों को मान्यता देता है।
3. CAC को उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा और खाद्य व्यापार में उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**12. डॉ. राजेंद्र प्रसाद के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह बिहार में चंपारण सत्याग्रह (1917) के दौरान महात्मा गांधी के साथ जुड़े थे।
2. डॉ. प्रसाद ने गांधीजी के असहयोग आंदोलन के तहत बिहार में असहयोग का आह्वान किया।
3. वह आधिकारिक तौर पर वर्ष 1911 में कलकत्ता में आयोजित अपने वार्षिक सत्र के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामिल हो गए।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**13. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. बांग्लादेश
2. श्रीलंका
3. म्याँमार
4. मालदीव

**उपर्युक्त में से कितने भारतीय नौसेना की महासागर पहल के भागीदार नहीं हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**14. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MiG 21 एक सबसोनिक जेट फाइटर है जिसे मूल रूप से सोवियत संघ द्वारा डिज़ाइन किया गया था।
2. राफेल एक फ्राँसीसी जुड़वाँ इंजन और बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है।
3. भारत के 2024 तक अपना स्वदेशी लड़ाकू एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एएमसीए) लॉन्च करने की उम्मीद है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**15. सीमा सुरक्षा बल (BSF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत संघ के पाँच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक है।
2. राज्य प्रशासन को कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण चुनाव कराने में मदद करने में BSF की महत्त्वपूर्ण भूमिका है।
3. इसे भारतीय क्षेत्रों की दूसरी रक्षा पंक्ति कहा गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**16. ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर एकेडमिक नेटवर्क्स (GIAN) पहल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GIAN देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को उत्प्रेरित करने के लिये परिकल्पित है और शुरुआत में इसमें केवल निजी विश्वविद्यालय शामिल होंगे।
2. शिक्षा मंत्री GIAN कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**17. अखिल भारतीय न्यायिक सेवा ( AIJS ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का अनुच्छेद 310 AIJS की स्थापना का प्रावधान करता है।
2. इसका लक्ष्य संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) मॉडल के समान न्यायाधीशों की भर्ती को केंद्रीकृत करना तथा सफल उम्मीदवारों को राज्यों का कार्यभार सौंपना है।
3. AIJS देश की सामाजिक संरचना को दर्शाते हुए विभिन्न क्षेत्रों, लिंग, जातियों और समुदायों के न्यायाधीशों के प्रतिनिधित्व एवं विविधता को बढ़ाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2 और 3
D. कोई नहीं

**18. निम्नलिखित में से कौन-सा भारत की विदेश नीति का हिस्सा नहीं है ?**

1. गुजराल सिद्धांत
2. पंचशील
3. गुटनिरपेक्षता की नीति
4. अंतर्राष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण निपटारा

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. 1, 2, 3 और 4
D. कोई नहीं

**19. मंकीपॉक्स के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंकीपॉक्स वृहत मिमीवायरस के कारण होता है।
2. यह लैटिन अमेरिका में पाई जाने वाली एक वायरल ज़ूनोटिक बीमारी है।
3. मंकीपॉक्स संक्रमण के लिये कोई विशिष्ट उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**20. मेरापी ज्वालामुखी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. माउंट मेरापी मलेशिया में स्थित एक सक्रिय ज्वालामुखी है।
2. आखिरी बार माउंट मेरापी ज्वालामुखी में विस्फोट वर्ष 1979 में हुआ था तथा तब से यह निष्क्रिय है।

**निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :





**21. उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोगों ( NTD ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NTD विभिन्न प्रकार के रोगजनकों जैसे- वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोजोआ और परजीवी कृमियों के कारण होते हैं।
2. NTD उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में विशेष रूप से आम हैं।
3. तपेदिक, HIV-AIDS और मलेरिया प्रमुख उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**Neglected Tropical Diseases**




नोट :

**22. निम्नलिखित प्रकार के डार्क पैटर्न पर विचार कीजिये:**

| | **प्रकार** | **भ्रामक पैटर्न** |
|---|---|---|
| 1. | सब्स्क्रिप्शन ट्रैप | रद्दीकरण को जटिल बनाना |
| 2. | बास्केट स्नीकिंग | अतिरिक्त उत्पाद शामिल करना |
| 3. | सास बिलिंग | आवर्ती भुगतान उत्पन्न करना |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक युग्म

B. केवल दो युग्म

C. सभी तीन युग्म

D. कोई युग्म नहीं

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (NCCR) पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) का एक संलग्न कार्यालय है।
2. तटरेखा विश्लेषण से पता चलता है कि भारतीय तट का 34% हिस्से का क्षरण हो रहा है।
3. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने तटीय हिस्सों के संरक्षण और सुरक्षा के उद्देश्य से तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना, 2019 को जारी किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**24. "पीएम ई-विद्या" योजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह शिक्षा तक मल्टी-मोड पहुँच को सक्षम करने के लिये डिजिटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करती है।
2. पीएम ई विद्या पहल सभी राज्यों के सभी छात्रों के लिये नि:शुल्क उपलब्ध है।
3. शिक्षा मंत्रालय द्वारा बड़ी संख्या में ई-पुस्तकों और ई-सामग्री के भंडार के रूप में कार्य करने के लिये इस योजना के हिस्से के रूप में दीक्षा पोर्टल बनाया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**25. "राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NCRB को वर्ष 1986 में राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और गृह मंत्रालय के कार्य बल (1985) की सिफारिशों के आधार पर स्थापित किया गया था।
2. यह भारतीय और विदेशी अपराधियों के फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड करने के लिये "नेशनल वेयरहाउस" के रूप में भी कार्य करता है तथा फिंगरप्रिंट जाँच के माध्यम से अंतर-राज्यीय अपराधियों का पता लगाने में सहायता करता है।
3. 'क्राइम इन इंडिया' और 'आकस्मिक मृत्यु एवं आत्महत्या' NCRB द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट हैं।

**नोट :**

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**26. इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्ट 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक व्यापक दस्तावेज़ है जो देश में शहरी बुनियादी ढाँचे की योजना, वित्त और शासन के विभिन्न पहलुओं को शामिल करता है।
2. इसे विश्व बैंक के सहयोग से नीति आयोग द्वारा प्रतिवर्ष जारी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**27. सहकारिता मंत्रालय के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 110वें संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा की गई थी।
2. यह मंत्रालय देश में सहकारी आंदोलन को मज़बूत करने के लिये एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढाँचा प्रदान करने के लिये ज़िम्मेदार है।
3. हाल ही में इसने "सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना" लॉन्च की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**28. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम | संचालन करने वाले देश |
|---|---|---|
| 1. | GLONASS | चीन |
| 2. | Galileo | यूरोपीय संघ (EU) |
| 3. | BeiDou | रूस |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित है?**

A. केवल एक युग्म
B. केवल दो युग्म
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**29. भारत में एक साथ चुनाव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में शुरुआती पाँच आम चुनावों में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ हुए।
2. वर्तमान में लोकसभा चुनाव आंध्र प्रदेश और बिहार में विधानसभा चुनावों के साथ संरेखित हैं।
3. अंततः एक साथ चुनाव से सरकार का खर्च बढ़ेगा।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**30. राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण ( NGT ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NGT की स्थापना पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत की गई थी।
2. NGT के अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
3. यह सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में निर्धारित नियमों के तहत संचालित होता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**31. विश्व मृदा दिवस ( WSD ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दिवंगत राजा भूमिबोल अदुल्यादेज की आजीवन वचनबद्धता तथा उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है।
2. इसकी सिफारिश वर्ष 2002 में अंतर्राष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ (IUSS) द्वारा की गई थी।
3. विश्व मृदा दिवस 2023 का विषय "मृदा और जल, जीवन का एक स्रोत" है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. डॉ. बी.आर. अंबेडकर की अनुकरणीय सेवा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 6 दिसंबर को उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है।
2. हिंदू महिलाओं का उत्थान और पतन पुस्तक डॉ. बी.आर. अम्बेडकर द्वारा लिखी गई है।
3. महाड सत्याग्रह दलितों के अधिकारों पर जोर देने के लिये एक ऐतिहासिक विरोध था जिसका नेतृत्व वर्ष 1927 में महात्मा गांधी के साथ डॉ. बी. आर. अंबेडकर ने किया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

**33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (NMC) के नए लोगो में भगवान विष्णु के अवतार भगवान कृष्ण की रंगीन छवि है।
2. धन्वंतरि को हिंदू धर्म में चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली आयुर्वेद से जुड़े देवता के रूप में पूजा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**34. धरोहर को अपनाएँ कार्यक्रम 2.0 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा वर्ष 2017 में शुरू किये गए 'धरोहर को अपनाएँ' कार्यक्रम का एक नवीन संस्करण है।
2. इस कार्यक्रम का उद्देश्य विरासत स्थलों के रखरखाव, विकास और संचालन में विभिन्न निजी-सार्वजनिक हितधारकों को शामिल करना है, जिससे इन स्थलों के स्थायी रखरखाव के साथ ही आगंतुकों को सुखद अनुभव प्रदान किया जा सकेगा।
3. कार्यक्रम के तहत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहल के हिस्से के रूप में कॉर्पोरेट संस्थाएँ चयनित स्मारकों के रखरखाव व विकास का कार्य करेंगे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. इनमें से कोई नहीं

**35. कीवी पक्षी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कीवी न्यूज़ीलैंड में पाया जाने वाला एक उड़ने में असमर्थ पक्षी है।
2. इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) इसे "सुभेद्य" के रूप में वर्गीकृत करता है।
3. न्यूज़ीलैंड में कैपिटल कीवी परियोजना का लक्ष्य समुदाय के नेतृत्व वाले प्रयासों के माध्यम से बड़े पैमाने पर वनीय कीवी की संख्या को बहाल करना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**36. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867 मुख्य रूप से गैर-ऑनलाइन जुआ गतिविधियों से संबंधित है।
2. IT अधिनियम की धारा 66 कंप्यूटर से संबंधित अपराधों से संबंधित है, जो ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े साइबर अपराधों को संबोधित करने के लिये कानूनी आधार प्रदान करती है।
3. भारत में ऑनलाइन जुए की अनुमति है, लेकिन ऑफलाइन जुए की नहीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 1902 में भारतीय विश्वविद्यालय आयोग की नियुक्ति की गई।
2. भारतीय शिक्षा नीति संकल्प वर्ष 1904 में जारी किया गया था।
3. वर्ष 1945 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) का गठन किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई भी नहीं

**38. केन्या के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी अफ्रीका में स्थित है।
2. विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील, तुर्काना झील, ओमो-तुर्काना द्रोणी का हिस्सा है, जो चार देशों, इथियोपिया, केन्या, दक्षिण सूडान और युगांडा में फैली हुई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**39. संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र चार्टर संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों पर बाध्यकारी है।
2. अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय संयुक्त राष्ट्र का प्राथमिक न्यायिक निकाय है।
3. संयुक्त राष्ट्र चार्टर का अनुच्छेद 99 महासचिव को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिये संभावित खतरों के बारे में सुरक्षा परिषद् का ध्यान आकर्षित करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 में पहले "अन्य पिछड़ा वर्ग" कहे जाने वाले समूह का नाम बदलकर "सामाजिक जातियाँ" करने का प्रस्ताव है।
2. जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 में कश्मीरी प्रवासी समुदाय से दस सदस्यों को नामित करने का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**41. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों का पहला संस्करण है लेकिन इसे टीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (IGMDP) के तहत विकसित नहीं किया गया है।
2. इसका मुख्य उद्देश्य संभावित विरोधियों के खिलाफ निवारक के रूप में उपयोग करना है।
3. इसमें पारंपरिक लेकिन परमाणु हथियार ले जाने की क्षमता नहीं है।

**नोट :**

**अग्नि-1 मिसाइल के संबंध में उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**42. चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे 2013 में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि तथा समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है।
2. भारत शुरू में इस परियोजना में शामिल हुआ लेकिन संप्रभुता और पारदर्शिता के आधार पर वर्ष 2022 में इस परियोजना से पृथक हो गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**43. डायल वर्टिकल माइग्रेशन (DVM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. DVM समुद्री जीवों द्वारा की जाने वाली एक समकालिक गति है, जो अमूमन ज़ोप्लांकटन जैसे गहरे समुद्र के जीवों में देखी जाती है।
B. इस पैटर्न में गति करना इन जीवों को शिकारियों से बचते हुए भोजन खोजने में मदद करता है, जो एक रणनीतिक उत्तरजीविता युक्ति का प्रदर्शन करता है।
C. यह कार्बन डाइऑक्साइड को रोकने तथा वायुमंडलीय कार्बन सांद्रता विनियमन में सहायता करने में मदद करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**44. हाल ही में समाचारों में देखा जाने वाला एम-एक्शनसॉफ्ट क्या है?**

A. ग्राम पंचायतों से संबंधित एक मोबाइल ऐप्लीकेशन
B. भ्रष्टाचार के खिलाफ एक जन अभियान
C. कृषि डेटा के प्रबंधन के लिये एक सॉफ्टवेयर
D. ग्रामीण विकास के बारे में सीखने के लिये एक गेम

**45. PM-JANMAN योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. PM-JANMAN एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य आदिवासी समुदायों को मुख्यधारा में लाना है।
2. इसमें वन उपज के व्यापार के लिये वन धन विकास केंद्रों की स्थापना, 1 लाख घरों के लिये ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली और सौर स्ट्रीट लाइट की स्थापना भी शामिल है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**46. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन ( NMCG ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये :**

1. राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (NMCG) की स्थापना जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) अधिनियम, 1974 के तहत की गई थी।
2. इसे राष्ट्रीय गंगा नदी पुनर्जीवन, संरक्षण और प्रबंधन परिषद द्वारा कार्यान्वित किया जाता है, जिसका अध्यक्ष गृह मंत्री होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**47. कालाज़ार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक धीमी गति से बढ़ने वाली स्वदेशी बीमारी है जो लीशमैनिया जीनस के प्रोटोजोआ परजीवी के कारण होती है।
2. इसे काला ज्वर या दमदम ज्वर भी कहते हैं।
3. भारत में लीशमैनिया डोनोवानी इस बीमारी का कारण बनने वाला एकमात्र परजीवी है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**48. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 370 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 370 को भारतीय संविधान में एक 'अस्थायी प्रावधान' के रूप में जोड़ा गया था।
2. इसे एन गोपालस्वामी अय्यंगर द्वारा संविधान के प्रारूप में पेश किया गया था।
3. अनुच्छेद 35A अनुच्छेद 370 से प्रतिस्थापित कर दया गया है और इसे वर्ष 1954 में राष्ट्रपति के आदेश के माध्यम से पेश किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**49. राज्य के महाधिवक्ता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महाधिवक्ता राज्य का सर्वोच्च कानूनी अधिकारी होता है।
2. उसे राज्य विधानमंडल की कार्यवाही में मतदान का विशेषाधिकार प्राप्त है।
3. उसके पास बोलने और राज्य विधानमंडल की कार्यवाही में भाग लेने का अधिकार बरकरार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**नोट :**

**50. ममीफाइड बबून के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पापियो अनुबिस और पापियो हमाद्रियास दोनों बबून की प्रजातियाँ हैं।
2. IUCN रेड लिस्ट में उन्हें "गंभीर रूप से लुप्तप्राय" के रूप में दर्ज किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**51. भारतीय भेषज संहिता आयोग (Indian Pharmacopoeia Commission- IPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IPC, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक स्वायत्त संस्था है।
2. यह इंडियन फार्माकोपिया को अद्यतन करके एवं दवाओं हेतु नए मानक शामिल करते हुए औपचारिक दिशानिर्देश जारी करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**52. जून 1995 से प्रभावी किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम द्वारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को सरकारी नौकरियों में "परिणामी वरिष्ठता" तथा पदोन्नति में आरक्षण की अनुमति प्रदान की गई?**

A. 77वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 1995
B. 81वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2000
C. 85वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2001
D. 103वाँ संवैधानिक संशोधन अधिनियम, 2019

**53. मानवाधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सभी हस्ताक्षरकर्त्ताओं पर कानूनी रूप से बाध्यकारी है।
2. UDHR, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध (ICCPR) एवं बाल अधिकारों पर अभिसमय (CRC) के साथ अंतर्राष्ट्रीय अधिकारों के विधेयक का निर्माण करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

**54. वैश्विक स्टॉकटेक ड्राफ्ट के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल स्टॉकटेक (GST) 2015 में पेरिस समझौते के तहत स्थापित एक आवधिक समीक्षा तंत्र है।
2. COP28 में अनावरण किये गए GST पत्र के मसौदे में वैश्विक तापमान वृद्धि को 2.5 डिग्री सेल्सियस के दायरे में रखने के लिये दस कदमों का प्रस्ताव दिया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न हीं 2

नोट :

**55. वेब ब्राउज़र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सर्वर और उपयोगकर्त्ता के बीच एक अंतरापृष्ठ प्रदान करता है।
2. यह हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज (HTML) को रेंडर करने के लिये एक कंपाइलर के रूप में काम करता है जिसका उपयोग वेबपेज़ को डिज़ाइन करने के लिये किया जाता है।
3. गूगल क्रोम, माइक्रोसॉफ्ट एज, मोज़िला फायरफॉक्स और सफारी वेब ब्राउज़र के उदाहरण हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**56. निम्नलिखित में से कौन-से खाद्य और कृषि संगठन की (अथवा FAO द्वारा प्रशासित) पहल हैं?**

1. विश्व भर में मरुस्थली टिड्डे की स्थिति की निगरानी
2. विश्व स्तरीय महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (GIAHS)
3. खाद्य एवं कृषि के लिये पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि का अंगीकरण
4. विश्व के वनों की स्थिति (SOFO) रिपोर्ट जारी करना

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 3
B. केवल 1, 2 और 4
C. केवल 2, 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

**57. शैवाल की विशेषताओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नाभिक तथा विशिष्ट बहुकोशिकीय प्रजनन संरचनाओं के बावजूद, वे वास्तविक जड़ों, तनों और पत्तियों की कमी के कारण पौधों से भिन्न होते हैं।
2. वे कच्चे तेल के स्रोत के रूप में एवं मनुष्यों के लिये भोजन व कई भेषजीय तथा औद्योगिक उत्पादों के स्रोत के रूप में आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. गेहूँ एक रबी फसल है जिसे पकने के समय ठंडे मौसम और तेज़ धूप की आवश्यकता होती है।
2. चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक होने के बावजूद भारत का वैश्विक गेहूँ व्यापार में हिस्सा 1% से भी कम है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. बंगलुरु में स्थित राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS), राष्ट्रीय सर्वोच्च केंद्र के रूप में कार्य करता है और पूरे भारत में टेली MANAS की गतिविधियों का समन्वय करता है।
2. सभी राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिये टेली मेंटल हेल्थ एंड नॉर्मलसी ऑग्मेंटेशन सिस्टम्स (MANAS) सेल की स्थापना की है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**60. "सत्य और सुलह आयोग" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सत्य और सुलह आयोग सरकारी कर्मचारियों द्वारा किये गए गलत कार्यों को न केवल स्वीकार करने, बल्कि प्रकट करने का एक आधिकारिक तंत्र है।
2. आयोग प्रत्यक्ष और व्यापक रूप से प्रभावित आबादी से जुड़ता है तथा उनके अनुभवों के बारे में जानकारी एकत्र करता है।
3. भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका तथा नेपाल द्वारा सत्य आयोग स्थापित किये गए हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**61. एशियाई विकास बैंक (ADB) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ADB एक क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना वर्ष 1966 में विशेष रूप से एशियाई देशों के लिये की गई थी।
2. भारत ADB का संस्थापक सदस्य है।
3. बैंक के शीर्ष तीन सबसे बड़े शेयरधारक जापान, भारत और चीन हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**62. इथेनॉल उत्पादन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत ने वर्ष 2023 से 20% इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत की है और इसे वर्ष 2025 तक पूरे देश में विस्तारित करने का लक्ष्य रखा है।
2. अनाज से इथेनॉल का उत्पादन, शीरा (Molasses) की तुलना में अधिक होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**63. CEC और अन्य EC ( नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि ) विधेयक, 2023 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CEC और EC की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर प्रधानमंत्री द्वारा की जाएगी।
2. चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता/सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे।
3. CEC और EC का वेतन और सेवा शर्तें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के बराबर होंगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. इनमें से कोई भी नहीं

**64. भारत में तस्करी से संबंधित संवैधानिक एवं विधायी प्रावधानों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 25 मानव तस्करी और बेगार पर रोक लगाता है।
2. अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम, 1956 प्राथमिक कानून के रूप में कार्य करता है जिसका उद्देश्य विशेष रूप से व्यावसायिक यौन शोषण के लिये तस्करी को रोकना है।
3. यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 यौन उत्पीड़न की स्पष्ट परिभाषा प्रदान नहीं करता है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई भी नहीं

**65. प्रतिकारी कर्तव्य ( काउंटरवेलिंग ड्यूटी-CVD ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CVD निर्यातित वस्तुओं पर लगाया जाने वाला शुल्क है।
2. विश्व व्यापार संगठन (WTO) अपने सदस्य देशों द्वारा CVD लगाने की अनुमति देता है।
3. व्यापार उपचार महानिदेशालय (DGTR) प्रतिकारी कर्तव्यों के प्रशासन के लिये एकल राष्ट्रीय प्राधिकरण है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1 और 3
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

## व्याख्या भाग-1

**1. उत्तर: C**

व्याख्या:

- प्रेसमड, जिसे फिल्टर केक अथवा प्रेस केक के रूप में भी जाना जाता है, चीनी उद्योग में एक अवशिष्ट उप-उत्पाद है जिसने हरित ऊर्जा उत्पादन के लिये एक मूल्यवान संसाधन के रूप में मान्यता प्राप्त की है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह उप-उत्पाद भारतीय चीनी मिलों को अवायवीय अपघटन के माध्यम से बायोगैस उत्पादन के लिये फीडस्टॉक के रूप में उपयोग करके अतिरिक्त आय सृजन करने का अवसर प्रदान करता है, जिससे संपीड़ित बायोगैस (CBG) का उत्पादन होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - अवायवीय अपघटन एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके माध्यम से बैक्टीरिया ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में कार्बनिक पदार्थ- जैसे पशु खाद, अपशिष्ट जल बायोसोलिड और खाद्य अपशिष्ट को तोड़ देते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- इनपुट के रूप में गन्ने की एक इकाई को संसाधित करते समय प्रेसमड की पैदावार आमतौर पर भार के हिसाब से 3-4% तक होती है।

नोट :

**2. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- एजुकेशन प्लस के लिये एकीकृत ज़िला सूचना प्रणाली (UDISE+) रिपोर्ट एक व्यापक अध्ययन है जो स्कूली छात्रों के नामांकन और ड्रॉपआउट दर, स्कूलों में शिक्षकों की संख्या तथा शौचालय सुविधा, भवन अवसंरचना एवं विद्युत जैसी अन्य बुनियादी सुविधाओं पर जानकारी प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे वर्ष 2018-2019 में डेटा प्रविष्टि में तेज़ी लाने, त्रुटियों को कम करने, डेटा गुणवत्ता में सुधार तथा सत्यापन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिये लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह एक विद्यालय और उसके संसाधनों से संबंधित कारकों के विषय में विवरण एकत्रित करने के लिये एक एप्लीकेशन है।
- यह वर्ष 2012-13 में शिक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया UDISE का एक अद्यतन तथा उन्नत संस्करण है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**3. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

चुनावी बॉण्ड योजना:

- चुनावी बॉण्ड प्रणाली को वर्ष 2017 में एक वित्त विधेयक के माध्यम से पेश किया गया था और इसे वर्ष 2018 में लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- वे दाता की गोपनीयता बनाए रखते हुए व्यक्तियों और संस्थाओं के लिये पंजीकृत राजनीतिक दलों को फंडिंग देने के साधन के रूप में कार्य करते हैं।
    - चुनावी ट्रस्ट योजना, 2013: इसे केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) द्वारा अधिसूचित किया गया था।
        - इलेक्टोरल ट्रस्ट कंपनियों द्वारा स्थापित एक ट्रस्ट है जिसका एकमात्र उद्देश्य अन्य कंपनियों एवं व्यक्तियों से प्राप्त योगदान को राजनीतिक दलों में वितरित करना है।

चुनावी बॉण्ड योजना के अंतर्गत प्रकटीकरण से छूट:

- वित्त अधिनियम, 2017 में संशोधन के माध्यम से केंद्र सरकार ने राजनीतिक दलों को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त दान का प्रकटीकरण करने से छूट दी है। **अत: कथन 2 सही है।**
- इसका अर्थ यह है कि मतदाताओं को यह नहीं पता होगा कि किस व्यक्ति, कंपनी अथवा संगठन ने किस पार्टी को और कितनी मात्रा में फंड दिया है। **अत: कथन 3 सही है।**
- हालाँकि एक प्रतिनिधि लोकतंत्र में नागरिक अपना वोट उन लोगों के लिये डालते हैं जो संसद में उनका प्रतिनिधित्व करेंगे।

सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियाँ:

- हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने भारत निर्वाचन आयोग (ECI) को चुनावी बॉण्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को प्राप्त धन पर अद्यतन डेटा प्रदान करने का निर्देश दिया है।
- भारतीय सर्वोच्च न्यायालय ने लंबे समय से माना है कि "जानने का अधिकार", विशेष रूप से चुनावों के संदर्भ में, भारतीय संविधान के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार (अनुच्छेद 19) का एक अभिन्न अंग है।

**4. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट् (REIT): ये निवेश साधन हैं जो व्यक्तियों को संपत्तियों का सीधे प्रबंधन या स्वामित्व किये बिना बड़े पैमाने पर आय-उत्पादक रियल एस्टेट में निवेश करने की अनुमति देते हैं। **अत: कथन I सही है।**
    - REIT रियल एस्टेट परिसंपत्तियों के विविध पोर्टफोलियो में निवेश करने के लिये कई निवेशकों से पूंजी एकत्र करता है, जिसमें आवासीय या वाणिज्यिक संपत्तियाँ, शॉपिंग सेंटर, कार्यालय भवन, होटल आदि शामिल हो सकते हैं। **अत: कथन II सही है।**

**5. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (FTSC)**

- FTSCs भारत में स्थापित विशेष न्यायालय हैं जिनका प्राथमिक उद्देश्य यौन अपराधों से संबंधित मामलों की सुनवाई प्रक्रिया में तेज़ी लाना है, विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम (POCSO अधिनियम) के तहत बलात्कार और उल्लंघन से संबंधित मामलों की सुनवाई में तेज़ी लाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- FTSCs की स्थापना सरकार द्वारा यौन अपराधों की चिंताजनक आवृत्ति और नियमित न्यायालयों में लंबित मुकदमों की लंबी अवधि के चलते की गई, जिसके परिणामस्वरूप पीड़ितों को न्याय प्राप्ति में देरी हुई।
- ज़िला और अधीनस्थ अदालतों में लंबित मामलों को काफी हद तक कम करने के लिये वर्ष 2000 में ग्यारहवें वित्त आयोग द्वारा पहली बार फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय (FTSC) की सिफारिश की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

**6. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (UNLF):**

- UNLF का गठन वर्ष 1964 में हुआ था और यह राज्य के नगा-बहुल एवं कुकी-ज़ोमी प्रभुत्व वाली पहाड़ियों में सक्रिय विद्रोही समूहों से अलग है।
- UNLF उन सात "मैतेई चरमपंथी संगठनों" में से एक है जिन पर केंद्र सरकार ने गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम, 1967 के तहत प्रतिबंध लगाया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- UNLF भारतीय सीमा/क्षेत्र के भीतर और बाहर दोनों जगह काम कर रहा है। **अतः कथन 2 सही है।**
- ऐसा माना जाता है कि UNLF को शुरुआत में NSCN (IM) से प्रशिक्षण मिला था, जो नगा गुटों में सबसे बड़ा विद्रोही समूह था।
- यह मणिपुर के सभी घाटी क्षेत्रों और कुकी-ज़ोमी पहाड़ी ज़िलों के कुछ गाँवों में संचालित होता है।
- यह एक प्रतिबंधित समूह है, यह अधिकतर म्याँमार की सेना के समर्थन से म्याँमार के सागांग क्षेत्र, चिन राज्य और राखीन राज्य में शिविरों एवं प्रशिक्षण अड्डों से संचालित होता है।
- हाल ही में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (UNLF) के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये, जो मणिपुर का सबसे पुराना घाटी-आधारित विद्रोही समूह है। **अतः कथन 3 सही है।**

**7. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (PLFS):**

- परिचय:
  - यह भारत में रोज़गार और बेरोज़गारी की स्थिति को मापने के लिये सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (MoSPI) के तहत NSO द्वारा आयोजित एक सर्वेक्षण है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसे NSO द्वारा अप्रैल 2017 में शुरू किया गया था। **अतः कथन 2 सही है।**
- PLFS के उद्देश्य:
  - केवल 'वर्तमान साप्ताहिक स्थिति' (CWS) में शहरी क्षेत्रों के लिये तीन माह के अल्प समय अंतराल में प्रमुख रोज़गार और बेरोज़गारी संकेतक (जैसे श्रमिक जनसंख्या अनुपात, श्रम बल भागीदारी दर, बेरोज़गारी दर) का अनुमान लगाना।
  - वार्षिक रूप से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में 'सामान्य स्थिति' और CWS दोनों में रोज़गार तथा बेरोज़गारी संकेतकों का अनुमान लगाना। **अतः कथन 3 सही है।**

**8. उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**फास्ट रेडियो बर्स्ट्स (FRB)**

- फास्ट रेडियो बर्स्ट (FRB) गहरे अंतरिक्ष से उत्पन्न होने वाले रेडियो फ्रीक्वेंसी उत्सर्जन के शक्तिशाली और संक्षिप्त विस्फोट हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- ये रहस्यमय और तीव्र संकेत केवल मिलीसेकेंड तक ही रहते हैं लेकिन करोड़ों सूर्यों के बराबर ऊर्जा की मात्रा छोड़ते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- खगोलविदों ने प्रस्तावित किया है कि विस्फोट करने वाले तारों के अवशेषों से बनने वाले एक प्रकार के न्यूट्रॉन तारे, चुंबकीय ध्रुव, FRB के लिये एक संभावित उत्पत्ति हो सकते हैं।
- चुंबकों का घूर्णन अन्य न्यूट्रॉन तारों की तुलना में तुलनात्मक रूप से धीमा होता है।
- न्यूट्रॉन तारे तब बनते हैं जब कोई विशाल तारा टूटता है। कोर का मुख्य केंद्रीय क्षेत्र टूटता है और प्रत्येक प्रोटॉन व इलेक्ट्रॉन एक-दूसरे को न्यूट्रॉन में बदल जाता है। ये नव-निर्मित न्यूट्रॉन एक न्यूट्रॉन तारे को पीछे छोड़ते हुए इसके पतन को रोक सकते हैं।
- एक चुंबकीय क्षेत्र अन्य न्यूट्रॉन सितारों की तुलना में एक हजार गुना अधिक मज़बूत होता है, और यह पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र की तुलना में एक खरब गुना अधिक शक्तिशाली होता है।

**9. उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**भारत में वित्त आयोग भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है। पंद्रहवें वित्त आयोग का गठन 27 नवंबर, 2017 को किया गया था। इसने अपनी अंतरिम और अंतिम रिपोर्ट के माध्यम से 1 अप्रैल, 2020 से शुरू होने वाली छह वर्षों की अवधि को कवर करते हुए सिफारिशें कीं।**

- आयोग ने 2021-26 की अवधि के लिये केंद्रीय करों में राज्यों की हिस्सेदारी 41% बनाए रखने का प्रस्ताव रखा, जो 14वें वित्त आयोग द्वारा 2015-20 के दौरान आवंटित 42% से मामूली कम है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जनसंख्या (1971)' पर केवल 14वें वित्त आयोग के लिये विचार किया गया था, जबकि 'जनसंख्या (2011)' और 'कर एवं राजकोषीय प्रयास' 15वें वित्त आयोग द्वारा पेश किये गए थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- आयोग ने सिफारिश की कि केंद्र का लक्ष्य 2025-26 तक अपने राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4% तक सीमित करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**10. उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- पेरिस क्लब ज़्यादातर पश्चिमी कर्ज़दाता देशों का एक समूह है, जिसकी उत्पत्ति वर्ष 1956 में आयोजित बैठक से हुई है जिसमें अर्जेंटीना पेरिस में अपने सार्वजनिक कर्ज़दाताओं से मिलने हेतु सहमत हुआ था।
  - यह स्वयं को एक मंच के रूप में वर्णित करता है जहाँ लेनदार देशों द्वारा सामना की जाने वाली भुगतान कठिनाइयों को हल करने हेतु आधिकारिक कर्ज़दाता बैठक करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत पेरिस क्लब का सदस्य नहीं है. **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - सदस्यों में शामिल हैं: ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्राँस, जर्मनी, आयरलैंड, इज़रायल, जापान, नीदरलैंड, नॉर्वे, रूस, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्वीडन, स्विट्ज़रलैंड, यूनाइटेड किंगडम और संयुक्त राज्य।

**11. उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (FAO) तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा संयुक्त रूप से स्थापित एक अंतर्राष्ट्रीय खाद्य मानक निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- भारत को रोम में खाद्य और कृषि संगठन (FAO) मुख्यालय में अपनी 46वीं बैठक के दौरान कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) की कार्यकारी समिति में एशियाई क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सदस्य के रूप में सर्वसम्मति से चुना गया है।
- विश्व व्यापार संगठन (WTO) के स्वच्छता और पादप स्वच्छता उपायों (SPS) के अनुप्रयोग पर समझौता अंतर्राष्ट्रीय व्यापार तथा व्यापार विवाद निपटान के लिये संदर्भ मानकों के रूप में कोडेक्स मानकों, दिशा-निर्देशों तथा सिफारिशों को मान्यता देता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्तमान में इस कमीशन में कुल 189 (188 देश और यूरोपीय संघ) सदस्य हैं।
- कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAC) को उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य की रक्षा और खाद्य व्यापार में उचित व्यवहार सुनिश्चित करने के लिये स्थापित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

**12. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म 3 दिसंबर, 1884 को बिहार के सिवान ज़िले के जीरादेई में हुआ था।
- वह बिहार में चंपारण सत्याग्रह (1917) के दौरान महात्मा गांधी के साथ जुड़े थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- डॉ. प्रसाद ने 1918 के रॉलेट एक्ट और 1919 के जलियाँवाला बाग हत्याकांड पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।
- डॉ. प्रसाद ने गांधीजी के असहयोग आंदोलन के तहत बिहार में असहयोग का आह्वान किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- उन्होंने वर्ष 1930 में बिहार में नमक सत्याग्रह में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसके कारण उन्हं कारावास भी हुआ।
- वह आधिकारिक तौर पर वर्ष 1911 में कलकत्ता में आयोजित अपने वार्षिक सत्र के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस में शामिल हो गए। **अतः कथन 3 सही है।**

**13. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारतीय नौसेना की पहल महासागर (MAHASAGAR) के पहले सत्र का आयोजन हुआ जिसमें हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) के विभिन्न देशों के समुद्री प्रमुखों ने हिस्सा लिया।
- थीम: 'सामान्य चुनौतियों का मुकाबला करने की दिशा में सामूहिक समुद्री दृष्टिकोण ।
- MAHASAGAR का तात्पर्य क्षेत्र में सभी के लिये सक्रिय सुरक्षा और विकास हेतु समुद्री दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता है।
- इसका उद्देश्य IOR देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने वाली उच्च स्तरीय वार्ता के लिये एक मंच तैयार करना है।
- इसमें बांग्लादेश, कोमोरोस, केन्या, मेडागास्कर, मालदीव, मॉरीशस, मोज़ाम्बिक, सेशेल्स, श्रीलंका और तंज़ानिया की नौसेनाओं और समुद्री एजेंसियों के प्रमुख शामिल हुए। **अतः विकल्प A सही है।**

**14. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- MiG-21:
  - सुपरसोनिक जेट लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान वर्ष 1950 के दशक में तत्कालीन USSR द्वारा डिज़ाइन किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राफेल:
  - फ्रेंच ट्विन (जुड़वाँ) इंजन और मल्टीरोल लड़ाकू विमान।
  - भारत ने वर्ष 2016 में 59,000 करोड़ रुपए में 36 राफेल जेट खरीदे। **अतः कथन 2 सही है।**
- उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान (AMCA):
  - यह भारतीय वायुसेना और भारतीय नौसेना के लिये 5वीं पीढ़ी का स्टील्थ, बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान विकसित करने का एक भारतीय कार्यक्रम है।

**नोट :**

- इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) और अन्य सार्वजनिक एवं निजी भागीदारों के सहयोग से DRDO के ADA द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है।
- वर्ष 2008 में सुखोई Su-30MKI के अनुवर्ती के रूप में इसकी शुरुआत की गई।
    - इसकी पहली उड़ान वर्ष 2025 के लिये योजनाबद्ध है और उत्पादन वर्ष 2030 के बाद शुरू होने की उम्मीद है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**15. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सीमा सुरक्षा बल :**

- BSF की स्थापना वर्ष 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद की गई थी।
- यह गृह मंत्रालय (MHA) के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत भारत संघ के पाँच केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में से एक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विधि एवं व्यवस्था बनाए रखने और शांतिपूर्ण चुनाव कराने में राज्य प्रशासन की मदद करने में BSF की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसे भारतीय क्षेत्रों की प्रथम रक्षा पंक्ति की संज्ञा दी गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**16. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर एकेडमिक नेटवर्क्स (GIAN) पहल:**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उच्च शिक्षा में ग्लोबल इनिशिएटिव फॉर एकेडमिक नेटवर्क्स (GIAN) नामक एक कार्यक्रम को मंज़ूरी दी है, जिसका उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों और उद्यमियों की प्रतिभा का उपयोग करना है ताकि भारत में उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके। इसका उद्देश्य देश के मौजूदा शैक्षणिक संसाधनों में वृद्धि करना, गुणवत्ता सुधार की गति में तेज़ी लाना तथा भारत की वैज्ञानिक एवं तकनीकी क्षमता को वैश्विक उत्कृष्टता प्रदान करना है।
- GIAN की परिकल्पना देश में उच्च शिक्षा संस्थानों को उत्प्रेरित करने के लिये की गई है और इसमें शुरुआत में सभी आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालय, आईआईएससी बंगलूरू, आईआईएसईआर, एनआईटी और आईआईआईटी शामिल किये जाएंगे। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- GIAN एक उभरती हुई योजना है जिसमें प्रारंभ में छोटे अथवा सेमेस्टर आधारित पाठ्य सुविधाएँ प्रदान करने में भाग लेने के लिये संस्थानों में प्रतिष्ठित/सहायक/विजिटिंग संकाय/प्रैक्टिस के प्रोफेसर आदि के रूप में विदेशी संकाय की भागीदारी शामिल होगी। अन्य गतिविधियों को समय के साथ शामिल किया जाएगा।
- MHRD ने पाठ्यक्रमों के माध्यम से GIAN कार्यान्वयन को अंतिम रूप देने और मंज़ूरी देने तथा बजट आवंटन पर निर्णय लेने के लिये पहले ही MHRD के सचिव की अध्यक्षता में एक GIAN कार्यान्वयन समिति का गठन किया है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**17. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**अखिल भारतीय न्यायिक सेवा (AIJS):**

- संविधान का अनुच्छेद 312 केंद्रीय सिविल सेवाओं के समान ही राज्यसभा के कम-से-कम दो-तिहाई सदस्यों द्वारा समर्थित एक प्रस्ताव पर AIJS की स्थापना का प्रावधान करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसका लक्ष्य संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) मॉडल के समान न्यायाधीशों की भर्ती को केंद्रीकृत करना तथा सफल उम्मीदवारों को राज्यों का कार्यभार सौंपना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1958 और 1978 की विधि आयोग की रिपोर्टों की सिफारिशों के अनुसार, AIJS का उद्देश्य अलग-अलग वेतन, रिक्तियों पर भर्ती और मानकीकृत राष्ट्रव्यापी प्रशिक्षण जैसे संरचनात्मक मुद्दों का समाधान करना है।

नोट :

- AIJS देश की सामाजिक संरचना को दर्शाते हुए विभिन्न क्षेत्रों, लिंग, जातियों और समुदायों के न्यायाधीशों के प्रतिनिधित्व एवं विविधता को बढ़ाएगा। **अत: कथन 3 सही है।**

**18. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- गुजराल सिद्धांत:
  - यह तत्काल पारस्परिकता की उम्मीद किये बिना पड़ोसी देशों को सहयोग और समर्थन देने के एकतरफा दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करता है।
  - यह सिद्धांत शांतिपूर्ण तरीकों से विवादों को सुलझाने और दक्षिण एशियाई क्षेत्र में विश्वास कायम करने के महत्त्व पर ज़ोर देता है।
- पंचशील:
  - सिद्धांतों में एक-दूसरे की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता के लिये पारस्परिक सम्मान, गैर-आक्रामकता, आंतरिक मामलों में गैर-हस्तक्षेप, समानता और पारस्परिक लाभ एवं शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व शामिल हैं।
- गुट निरपेक्षता की नीति:
  - गुटनिरपेक्षता का तात्पर्य है कि कोई देश विदेश नीति में स्वतंत्रता बनाए रखते हुए किसी भी प्रमुख शक्ति गुट या गठबंधन के साथ खुद को संरेखित नहीं करता है।
  - लक्ष्य सैन्य गठबंधनों और प्रमुख शक्तियों के बीच संघर्षों में उलझने से बचकर संप्रभुता, शांति तथा विकास को बढ़ावा देना है।
- अंतर्राष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान:
  - यह सिद्धांत युद्ध या आक्रामकता का सहारा लेने की जगह शांतिपूर्ण तरीकों से अंतर्राष्ट्रीय संघर्षों को हल करने पर ज़ोर देता है। **अत: कथन 4 सही है।**
  - शांतिपूर्ण समाधान के तरीकों में अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के माध्यम से संवाद,मध्यस्थता और न्यायनिर्णयन शामिल हैं। **अत: विकल्प D सही है।**

**19. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (DRC) में मंकीपॉक्स (एमपॉक्स) के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।
  - मंकीपॉक्स, मंकीपॉक्स वायरस (MPXV) के कारण होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - यह पश्चिम, मध्य और पूर्वी अफ्रीका के घने वन क्षेत्रों में पाई जाने वाली एक वायरल ज़ूनोटिक बीमारी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - मंकीपॉक्स संक्रमण के लिये कोई विशिष्ट उपचार या टीका उपलब्ध नहीं है। अतीत में चेचक रोधी टीका, जो एक समय 85% तक प्रभावी था, अब व्यापक रूप से उपलब्ध नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

**20. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- माउंट मेरापी, जिसका अर्थ "ज्वाला का पहाड़" है, इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर स्थित सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है। इंडोनेशिया प्रशांत महासागर के "रिंग ऑफ फायर" पर स्थित है तथा यहाँ 127 सक्रिय ज्वालामुखी हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें सबसे घातक विस्फोट अप्रैल 1979 में हुआ था, जब 60 लोग मारे गए थे। हाल ही में मेरापी ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ, जिससे वायु में 3,000 मीटर (9,840 फीट) तक राख फैल गई एवं कई लोगों की मौत हो गई। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**21. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग ( NTDs ):**

- NTD संक्रमणों का एक समूह है जो अफ्रीका, एशिया और अमेरिका के विकासशील क्षेत्रों में हाशिये पर रहने वाले समुदायों में सबसे आम है।

नोट :

- ये विभिन्न प्रकार के रोगजनकों जैसे- वायरस, बैक्टीरिया, प्रोटोजोआ और परजीवी कृमियों के कारण होते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- NTD विशेष रूप से उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में आम हैं जहाँ लोगों के पास शुद्ध जल या मानव अपशिष्ट के निपटान के सुरक्षित तरीके तक पहुँच नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- तपेदिक, HIV-AIDS और मलेरिया जैसी बीमारियों की तुलना में इन संक्रमणों पर अनुसंधान और उपचार के लिये आमतौर पर कम धन मिलता है।

- NTD के उदाहरण हैं: सर्पदंश का विष, खुज़ली, जम्हाई, ट्रेकोमा, लीशमैनियासिस और चगास रोग आदि। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**22. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- डार्क पैटर्न, जिसे भ्रामक पैटर्न के रूप में भी जाना जाता है, वेबसाइट्स और एप्स द्वारा उपयोगकर्त्ताओं को ऐसे कार्य करने के लिये नियोजित रणनीतियों को संदर्भित करता है जो उनका इरादा नहीं है या उन व्यवहारों को हतोत्साहित करता है जो कंपनियों के लिये फायदेमंद नहीं हैं।
- CCPA ने अपनी अधिसूचना में 13 प्रकार के डार्क पैटर्न को रेखांकित किया है जो निम्नलिखित हैं:
  - झूठी अत्यावश्यकता: इसका अर्थ है तत्काल खरीदारी हेतु प्रेरित करने के लिये तात्कालिकता या कमी की गलत धारणा पैदा करना अथवा संकेत देना ताकि उपयोगकर्त्ता को तत्काल खरीदारी करने अथवा तत्काल कार्रवाई करने के लिये गुमराह किया जा सके।
  - बास्केट स्नीकिंग: उपयोगकर्त्ता की सहमति के बिना चेकआउट के समय शॉपिंग कार्ट में अतिरिक्त उत्पाद शामिल करना, जिसके परिणामस्वरूप अधिक भुगतान प्राप्त किया जा सके। **अत: युग्म 2 सही है।**
  - कन्फर्म शेमिंग: व्यावसायिक लाभ के लिये उपयोगकर्त्ताओं को विशिष्ट कार्यों के लिये प्रेरित करने हेतु डर अथवा शर्म की भावना उत्पन्न करना।
  - ज़बरन कार्रवाई: उपयोगकर्त्ताओं को अतिरिक्त खरीदारी अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा करने जैसी आवश्यक कार्रवाई के लिये विवश करना।
  - सदस्यता जाल: रद्दीकरण को जटिल बनाना, विकल्पों को छिपाना या मुफ्त सदस्यता के लिये भुगतान विवरण को बाध्य करना। **अत: युग्म 1 सही है।**
  - इंटरफेस हस्तक्षेप: उपयोगकर्त्ताओं को इच्छित कार्यों से गुमराह करने के लिये कर्त्ताउपयोगकर्त्ता इंटरफेस में हेर-फेर करना।
  - प्रलोभन और युक्ति: एक निश्चित उत्पाद या सेवा का विज्ञापन देकर प्राय: निम्न गुणवत्ता वाले उत्पाद का वितरण करना।
  - ड्रिप मूल्य निर्धारण: कीमतों छुपाना, पुष्टि के बाद उन्हें प्रकट करना या अतिरिक्त वस्तु खरीदे जाने तक सेवा के उपयोग को रोकना।
  - छद्म विज्ञापन: उपयोगकर्त्ताओं को आकर्षित व प्रेरित करने हेतु विज्ञापनों को अन्य सामग्री के रूप में प्रस्तुत करना।
  - परेशान करना: व्यावसायिक लाभ के लिये उपयोगकर्त्ताओं को बाधित और परेशान करने वाली बातचीत में उलझाना।
  - ट्रिक प्रश्न: उपयोगकर्त्ताओं को गुमराह करने के लिये जान-बूझकर भ्रमित करने वाली भाषा का उपयोग।
  - सास बिलिंग: एक सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर (SaaS) मॉडल में आवर्ती भुगतान उत्पन्न करना। **अत: युग्म 3 सही है।**
  - अवांछित मैलवेयर: नकली मैलवेयर हटाने वाले टूल के भुगतान के लिये उपयोगकर्त्ताओं को गुमराह करने हेतु रैनसमवेयर और स्केयरवेयर का उपयोग करना।

**23. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय तटीय अनुसंधान केंद्र (NCCR), भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है जिसे केंद्रीय डोमेन के तहत सभी बहु-विषयक अनुसंधान करने के लिये अनिवार्य किया गया है जिनमें समुद्री प्रदूषण, तटीय प्रक्रियाएँ और खतरे, तटीय आवास तथा पारिस्थितिकी तंत्र एवं क्षमता निर्माण व प्रशिक्षण शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

- तटरेखा विश्लेषण से पता चलता है कि 34% तट का क्षरण हो रहा है, 28% साथ-साथ बढ़ भी रहा है तथा 38% स्थायी स्थिति में है। **अतः कथन 2 सही है।**
- तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना, 2019: पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (MoEFCC) ने तटीय हिस्सों तथा समुद्री क्षेत्रों के संरक्षण एवं सुरक्षा व मछुआरों तथा अन्य स्थानीय समुदायों के लिये आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से तटीय विनियमन क्षेत्र अधिसूचना, 2019 को जारी किया है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**24. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पीएम ई-विद्या:
  - के बारे में :
    - पीएम ई-विद्या नामक एक व्यापक पहल 2020 में आत्मनिर्भर भारत अभियान के हिस्से के रूप में शुरू की गई थी।
    - यह शिक्षा तक पहुँच को सक्षम करने के लिये डिज़िटल/ऑनलाइन/ऑन-एयर शिक्षा से संबंधित सभी प्रयासों को एकीकृत करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - पीएम ई-विद्या पहल सभी राज्यों में सभी छात्रों के लिये नि:शुल्क उपलब्ध है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पीएम ई-विद्या के मुख्य घटक:
    - PM ई-विद्या के प्रमुख घटक:
- ज्ञान साझा करने हेतु डिजिटल बुनियादी ढाँचा (DIKSHA): DIKSHA राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों में स्कूली शिक्षा के लिये गुणवत्तापूर्ण ई-सामग्री और सभी ग्रेडों हेतु क्यूआर कोड से लैस प्रभावशाली पाठ्यपुस्तकें प्रदान करने वाला देश का डिजिटल बुनियादी ढाँचा है।
  - DIKSHA पोर्टल और मोबाइल एप: इसे शिक्षा मंत्रालय द्वारा राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों और राष्ट्रीय स्तर के संगठनों द्वारा बड़ी संख्या में ई-पुस्तकों और ई-सामग्री के भंडार के रूप में बनाया गया है।

**25. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- NCRB की स्थापना केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत वर्ष 1986 में इस उद्देश्य से की गई थी ताकि भारतीय पुलिस में कानून व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिये पुलिस तंत्र को सूचना प्रौद्योगिकी समाधान और आपराधिक गुप्त सूचनाएँ प्रदान कर समर्थ बनाया जा सके। यह राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और गृह मंत्रालय के कार्य बल (1985) की सिफारिशों के आधार पर स्थापित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह गृह मंत्रालय का हिस्सा है और इसका मुख्यालय नई दिल्ली में है।
- यह भारतीय और विदेशी अपराधियों के फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड करने के लिये "नेशनल वेयरहाउस" के रूप में भी कार्य करता है, और फिंगरप्रिंट खोज के माध्यम से अंतर-राज्यीय अपराधियों का पता लगाने में सहायता करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NCRB के चार प्रभाग हैं: अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (CCTNS), अपराध सांख्यिकी, फिंगरप्रिंट और प्रशिक्षण।
- NCRB के प्रकाशन:
  - क्राइम इन इंडिया रिपोर्ट
  - आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या
  - जेल सांख्यिकी
  - भारत में गुमशुदा महिलाओं और बच्चों पर रिपोर्ट। **अतः कथन 3 सही है।**
  - ये प्रकाशन न केवल पुलिस अधिकारियों के लिये बल्कि भारत में ही नहीं विदेशों में भी अपराध विशेषज्ञों, शोधकर्त्ताओं, मीडिया तथा नीति निर्माताओं हेतु अपराध आँकड़ों पर प्रमुख संदर्भ बिंदु के रूप में काम करते हैं।

नोट :

**26. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्ट 2023:**

- हाल ही में शहरी नियोजन और विकास पर इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्ट (IIR) 2023 जारी की गई, यह एक व्यापक दस्तावेज़ है जो देश में बुनियादी ढाँचे की योजना, वित्त और शासन के विभिन्न पहलुओं को शामिल करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर रिपोर्ट 2023, IDFC फाउंडेशन, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (कर्नाटक) लिमिटेड (iDeCK) और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन अफेयर्स (NIUA) का एक सहयोगात्मक प्रयास रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**27. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सहकारिता मंत्रालय:**

- मंत्रिमंडलीय सचिवालय की राजपत्र अधिसूचना 6 जुलाई, 2021 के माध्यम से पूर्ववर्ती कृषि, सहकारिता और किसान कल्याण मंत्रालय के व्यवसाय में सहयोग तथा सहकारिता से संबंधित मौजूदा प्रविष्टियों को स्थानांतरित करके सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- मंत्रालय देश में सहकारी आंदोलन को मज़बूत करने हेतु एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत फ्रेमवर्क प्रदान करने के लिये ज़िम्मेदार है। इसका उद्देश्य सहकारिता को ज़मीनी स्तर तक जन-आधारित आंदोलन के रूप में सुदृढ़ करना और एक सहकारिता आधारित आर्थिक मॉडल विकसित करना है, जहाँ प्रत्येक सदस्य ज़िम्मेदारी की भावना के साथ कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- मंत्रालय की प्रमुख गतिविधियों में सहकारी समितियों के लिये 'इज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस' हेतु प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और बहु-राज्य सहकारी समितियों का विकास सुनिश्चित करना शामिल है।
- हाल ही में सहकारिता मंत्रालय ने "सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना" पर प्रकाश डाला है। इस पहल का उद्देश्य देश में खाद्यान्न भंडारण क्षमता की लगातार कमी को दूर करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**28. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल पोज़िशनिंग सिस्टम (GPS) कुछ रोज़मर्रा की प्रौद्योगिकियों में से एक है जिसने नागरिक, सैन्य, वैज्ञानिक और शहरी क्षेत्रों पर क्रांतिकारी प्रभाव डाला है, इसने किसी स्थान को लेकर हमारी समझ/ज्ञान को फिर से परिभाषित किया है तथा वैश्विक स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित किया है। इसकी शुरुआत वर्ष 1973 में अमेरिकी रक्षा विभाग द्वारा की गई थी। कई देश GPS के साथ-साथ अपने स्वयं के ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (GNSS) का संचालन करते हैं।**

- GLONASS एक रूसी सैटेलाइट नेविगेशन सिस्टम है। अतः युग्म 1 सही सुमेलित नहीं है।
- Galileo यूरोपीय संघ द्वारा निर्मित एक वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (GNSS) है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- BeiDou नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम एक उपग्रह-आधारित रेडियो नेविगेशन प्रणाली है जिसका स्वामित्व और संचालन का कार्यभार चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन के पास है। अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।

**29. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**एक साथ चुनाव, पूरे देश में एक ही समय में लोकसभा (संसद का निचला सदन), राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं एवं पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के चुनाव कराने के विचार को संदर्भित करता है।**

- भारत में शुरुआती चार आम चुनावों में लोकसभा और राज्य विधानसभा चुनाव एक साथ हुए। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान में लोकसभा चुनाव आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में विधानसभा चुनावों के साथ संरेखित हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- विभिन्न स्तरों पर चुनाव कराने के लिये महत्त्वपूर्ण वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होती है। चुनावों को एक साथ कराने से ये खर्च समेकित हो जाएंगे, जिससे सरकार की लागत में काफी बचत होगी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**30. उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- NGT की स्थापना अक्तूबर 2010 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल एक्ट, 2010 के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसके अध्यक्ष की नियुक्ति भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) के परामर्श से केंद्र सरकार द्वारा की जाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यह प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित, नागरिक प्रक्रिया संहिता, 1908 में निर्धारित प्रक्रियात्मक नियमों से स्वतंत्र रूप से संचालित होता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**31. उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- संयुक्त राष्ट्र प्रत्येक वर्ष 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस के रूप में मनाता है। यह खाद्य सुरक्षा, गरीबी उन्मूलन और अन्य मुद्दों के समाधान हेतु सतत् मृदा प्रबंधन एवं पुनर्वास के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के प्रति थाईलैंड के दिवंगत राजा भूमिबोल अदुल्यादेज की आजीवन वचनबद्धता तथा उनके जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय मृदा विज्ञान संघ (International Union of Soil Sciences- IUSS) ने वर्ष 2002 में इस दिवस की सिफारिश की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2023 की थीमः मृदा और जल, जीवन का एक स्रोत (Soil and Water, a Source of Life)। विश्व मृदा दिवस पृथ्वी के अस्तित्व में मृदा की महत्त्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिये समृद्ध तथा टिकाऊ भविष्य सुनिश्चित करने एवं मृदा के स्वास्थ्य को संरक्षित व बहाल करने हेतु ठोस प्रयासों का आह्वान करता है। **अतः, कथन 3 सही है।**

**32. उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- राष्ट्र के प्रति डॉ. बी.आर. अंबेडकर की अनुकरणीय सेवा की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 6 दिसंबर को उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- हिंदू महिलाओं का उत्थान और पतन पुस्तक डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा लिखी गई है, जो एक भारतीय न्यायविद्, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे, जिन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) के प्रति सामाजिक भेदभाव के खिलाफ अभियान चलाया। **अतः कथन 2 सही है।**
- महाड सत्याग्रह डॉ. बी.आर. अंबेडकर के नेतृत्व में एक ऐतिहासिक विरोध प्रदर्शन था। वर्ष 1927 में अंबेडकर ने महाड, महाराष्ट्र में सार्वजनिक जल स्रोतों तक पहुँच के लिये दलितों के अधिकारों पर ज़ोर दिया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**33. उत्तरः (b)**

**व्याख्याः**

- नए लोगो में भगवान विष्णु के अवतार धन्वंतरि (जिन्हें हिंदू पौराणिक कथाओं में आयुर्वेद का देवता माना जाता है) की रंगीन छवि अंकित है। नए लोगो में 'इंडिया' शब्द के स्थान पर 'भारत' शब्द का प्रयोग किया गया है और इसमें राष्ट्रीय प्रतीक शामिल नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- धन्वंतरि हिंदू धर्म में चिकित्सा की पारंपरिक प्रणाली आयुर्वेद से जुड़े देवता के रूप में पूजनीय हैं। वे उपचार, कल्याण और स्वास्थ्य के प्रतीक हैं। चित्रों में उन्हें आमतौर पर औषधीय जड़ी-बूटियाँ और पवित्र पात्र लिये चार हाथों वाले के साथ प्रदर्शित किया जाता है और हिंदू संस्कृति में स्वास्थ्य व चिकित्सा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्तित्व माना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

**34. उत्तरः C**

**व्याख्याः**

**हाल ही में संस्कृति मंत्रालय ने धरोहर को अपनाएँ कार्यक्रम (एडॉप्ट ए हेरिटेज कार्यक्रम) 2.0 के संबंध में अद्यतन जानकारी साझा की।**

नोट :

- यह कार्यक्रम भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) द्वारा वर्ष 2017 में शुरू की गई 'धरोहर को अपनाएँ' का एक नवीन संस्करण है तथा यह प्राचीन स्मारक एवं पुरातत्त्व स्थल व अवशेष अधिनियम (AMASR), 1958 के अनुसार विभिन्न स्मारकों के लिये आवश्यक सुविधाओं को स्पष्टता से परिभाषित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य विरासत स्थलों के रखरखाव, विकास और संचालन में विभिन्न निजी-सार्वजनिक हितधारकों को शामिल करना है, जिससे इन स्थलों के स्थायी रखरखाव के साथ ही आगंतुकों को सुखद अनुभव प्रदान किया जा सकेगा। **अतः कथन 2 सही है।**
- कार्यक्रम के तहत कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्त्व (CSR) पहल के हिस्से के रूप में कॉर्पोरेट संस्थाएँ चयनित स्मारकों के रखरखाव व विकास का कार्य करेंगे। **अतः कथन 3 सही है।**

**35. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- कीवी न्यूज़ीलैंड में पाया जाने वाला एक उड़ने में असमर्थ पक्षी है। यह अपने विलक्षण गुणों जैसे कि रात्रिचर, उड़ने में असमर्थ, चूहे जैसी मूँछें और डायनासोर जैसे पैर के लिये जाना जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- कीवी विशेषकर आस्ट्रेलिया महाद्वीप में पाया जाता है। इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंज़र्वेशन ऑफ नेचर (IUCN) इसे "सुभेद्य" के रूप में वर्गीकृत करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- न्यूज़ीलैंड्स कीवी कैपिटल प्रोजेक्ट एक समुदाय-आधारित पहल है जिसका उद्देश्य बड़े पैमाने पर वनीय कीवी की संख्या को बहाल करना है। **अतः कथन 3 सही है।**

**36. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- सार्वजनिक जुआ अधिनियम, 1867
  - यह अधिनियम मुख्य रूप से गैर-ऑनलाइन जुआ गतिविधियों से संबंधित है। हालाँकि इसकी प्रासंगिकता ऑनलाइन गेमिंग में भी है, जो इसके विनियमन के लिये एक कानूनी ढाँचा प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000:
  - सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 गेमिंग सहित ऑनलाइन गतिविधियों को विनियमित करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। IT अधिनियम की धारा 66 कंप्यूटर से संबंधित अपराधों से संबंधित है, जो ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े साइबर अपराधों को संबोधित करने के लिये कानूनी आधार प्रदान करती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - सार्वजनिक जुआ अधिनियम ने घोषित किया है कि कोई भी जुआ जिसमें पैसा लगाना या पैसे के लिये दाँव लगाना या कोई अन्य समकक्ष कार्य शामिल है, अवैध है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**37. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- भारतीय विश्वविद्यालय आयोग वर्ष 1902 में भारत के वायसराय लॉर्ड कर्ज़न के निर्देश पर नियुक्त एक निकाय था, जिसका उद्देश्य भारत में विश्वविद्यालय शिक्षा में सुधार के लिये सिफारिशें करना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- 11 मार्च, 1904 को जारी की गई शैक्षिक नीति के मुख्य वास्तुकार लॉर्ड कर्ज़न थे। यह एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण सरकारी संकल्प था। इसलिये वर्ष 1904 को भारत में शैक्षिक विकास के इतिहास में एक कीर्तिमान माना जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- तकनीकी शिक्षा के लिये उपलब्ध सुविधाओं पर सर्वेक्षण करने एवं समन्वित व एकीकृत तरीके से देश में विकास को बढ़ावा देने के लिये अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) की स्थापना नवंबर 1945 में एक राष्ट्रीय स्तर की शीर्ष सलाहकार संस्था के रूप में की गई थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**38. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केन्या:**

- केन्या पूर्वी अफ्रीका में स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसका भू-भाग हिंद महासागर के निम्न तटीय मैदान से लेकर इसके मध्य में पहाड़ों और पठारों तक विस्तृत है।

- हिंद महासागर तथा विक्टोरिया झील के बीच केन्या की अवस्थिति का अर्थ यह है कि संपूर्ण अफ्रीका एवं मध्य पूर्व के लोग सदियों से इस पार यात्रा और व्यापार करते रहे हैं।
  - इसने कई जातीय समूहों एवं भाषाओं के साथ एक विविध संस्कृति का निर्माण किया है।
- अब तक पाए गए सबसे प्राचीनतम मानव में से एक की अस्थियाँ केन्या की तुर्काना द्रोणी/बेसिन में खोजी गई थीं।
  - विश्व की सबसे बड़ी रेगिस्तानी झील, तुर्काना झील, ओमो-तुर्काना द्रोणी का हिस्सा है, जो चार देशों, इथियोपिया, केन्या, दक्षिण सूडान और युगांडा में फैली हुई है। **अतः कथन 2 सही है।**

**39. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र का चार्टर**

- संयुक्त राष्ट्र का चार्टर संयुक्त राष्ट्र का संस्थापक दस्तावेज़ है। इस पर 26 जून, 1945 को सैन फ्राँसिस्को में हस्ताक्षर किये गए तथा यह 24 अक्तूबर, 1945 को लागू हुआ।
- T इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र चार्टर अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक साधन है और संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देश इससे बँधे हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय (ICJ), संयुक्त राष्ट्र का प्राथमिक न्यायिक निकाय, अपने कानून द्वारा संचालित होता है, जो संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अभिन्न अंग के रूप में संलग्न है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- अनुच्छेद 99 संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अंतर्गत एक प्रावधान है जो संयुक्त राष्ट्र के संविधान के रूप में कार्य करता है।
  - यह महासचिव को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिये संभावित खतरों के मामले में सुरक्षा परिषद का ध्यान आकर्षित करने का अधिकार प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**40. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- जम्मू-कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023:
  - इसकी मदद से जम्मू-कश्मीर आरक्षण अधिनियम, 2004 की धारा 2 में संशोधन किया जाएगा।
  - संशोधन विधेयक के अनुसार व्यक्तियों के एक वर्ग जिन्हें पहले "कमज़ोर और वंचित वर्ग (सामाजिक जाति)" के रूप में जाना जता था, को अब "अन्य पिछड़ा वर्ग" के रूप में वर्णित किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023:
  - यह विधेयक 2019 के अधिनियम में संशोधन करने तथा कश्मीरी प्रवासियों एवं PoK से विस्थापित व्यक्तियों को विधानसभा में प्रतिनिधित्व प्रदान करने का प्रयास करता है।
  - इसमें कश्मीरी प्रवासी समुदाय से दो सदस्यों को नामित करने का प्रावधान है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह विधेयक 2019 के अधिनियम में संशोधन करने तथा कश्मीरी प्रवासियों एवं PoK से विस्थापित व्यक्तियों को विधानसभा में प्रतिनिधित्व प्रदान करने का प्रयास करता है।
  - इस विधेयक में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सीटों की कुल संख्या 107 से बढ़ाकर 114 करने का प्रस्ताव है।

**41. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- Agni-1 एक शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल (SRBM) है जिसे भारत ने अपनी अग्नि श्रृंखला की मिसाइलों के हिस्से के रूप में विकसित किया है।
  - यह अग्नि श्रृंखला की पहली मिसाइल है और इसे परमाणु पेलोड ले जाने में सक्षम रणनीतिक हथियार के रूप में डिज़ाइन किया गया है।
- Agni-1 मुख्य रूप से संभावित विरोधियों के खिलाफ रक्षा/प्रतिवारक के रूप में उपयोग के लिये है और इसे क्विक रिस्पॉन्स टाइम के लिये जाना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

नोट :

- यह इंटीग्रेटेड गाइडेड मिसाइल डेवलपमेंट प्रोग्राम (IGMDP) के तहत अग्नि शृंखला की मिसाइलों का पहला संस्करण है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- Agni-1 एकल चरण, ठोस ईंधन वाली मिसाइल है, जिसकी मारक क्षमता लगभग 700 से लगभग 1200 किलोमीटर है और यह 1,000 किलोग्राम का पेलोड ले जा सकती है, जो इसे शॉर्ट रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल बनाती है।
  - इसमें पारंपरिक एवं परमाणु दोनों तरह के हथियार ले जाने की क्षमता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - ठोस-ईंधन प्रणोदन प्रणाली इसके परिचालन लचीलेपन को बढ़ाती है और प्रक्षेपण हेतु तैयारी के समय को कम करती है।

**42. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चीन की बेल्ट एंड रोड पहल:**

- BRI, वैश्विक कनेक्टिविटी और सहयोग को बढ़ाने के उद्देश्य से एक बहुआयामी विकास रणनीति का प्रतिनिधित्व करता है।
- इसे 2013 में लॉन्च किया गया था और इसका उद्देश्य दक्षिण-पूर्व एशिया, मध्य एशिया, खाड़ी क्षेत्र, अफ्रीका और यूरोप को भूमि तथा समुद्री मार्गों के नेटवर्क से जोड़ना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस परियोजना को पहले 'वन बेल्ट, वन रोड' नाम दिया गया था, लेकिन चीनी प्रभुत्व के विपरीत अधिक खुली और समावेशी पहल को व्यक्त करने के लिये इसका नाम बदलकर BRI कर दिया गया।
- भारत संप्रभुता और पारदर्शिता के आधार पर इस परियोजना का विरोध करता है। भारत ने 2017 और 2019 में चीन द्वारा आयोजित BRI शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया है और शंघाई सहयोग संगठन (SCO) द्वारा जारी BRI संयुक्त बयानों का समर्थन नहीं किया है।
- भारत इस परियोजना में कभी शामिल नहीं हुआ। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**43. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डायल वर्टिकल माइग्रेशन (DVM):**

- DVM समुद्री जीवों द्वारा की जाने वाली एक समकालिक गति है, जो अमूमन ज़ोप्लांकटन जैसे गहरे समुद्र के जीवों में देखी जाती है क्योंकि वे जल में लंबवत रूप से प्रवास करते हैं, रात्रि के समय सतह की ओर बढ़ते हैं तथा दिन के दौरान समुद्र में गहरे स्तर तक जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस पैटर्न में गति करना इन जीवों को शिकारियों से बचते हुए भोजन खोजने में मदद करता है, जो एक रणनीतिक उत्तरजीविता युक्ति का प्रदर्शन करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- शाम के समय मेसोपेलैजिक सतह (डीपर लेयर अथवा ट्वाइलाइट ज़ोन) से जीव एपिपेलैजिक ज़ोन (ऊपरी सतह) की सुरक्षा की ओर बढ़ते हैं और दिन के शिकारियों से बचते हुए सूक्ष्म फाइटोप्लांकटन को भोजन के रूप में ग्रहण करने के लिये अंधेरे का लाभ उठाते हैं।
- यह समन्वित प्रवासन, जो प्राकृतिक प्रकाश चक्रों से सूक्ष्मता से जुड़ा हुआ है, ग्रह के सबसे बड़े बायोमास प्रवासन के रूप में है, जो सभी महासागरों में प्रतिदिन होता है।
- जीवों का यह समन्वित प्रवास पूरी तरह से प्राकृतिक प्रकाश के चक्रों के अनुरूप है तथा पृथ्वी पर सबसे बड़ा बायोमास प्रवास है, जो सभी महासागरों में प्रतिदिन घटित होता है।
- मेसोपेलैजिक सतह में रहने वाले जीव सक्रिय रूप से सतह के प्लवक को भोजन के रूप में ग्रहण करते हुए ऊपरी महासागर की परतों से पर्याप्त मात्रा में कार्बन पृथक्करण में सहायता करते हैं तथा इसे गहरे समुद्र में ले जाते हैं।
- ट्वीलाईट क्षेत्र के भीतर प्रवासी जीव-जंतु खाद्य शृंखला में योगदान करते हैं, उपभोग किये गए कार्बन को अपने उत्पादक तक स्थानांतरित करते हैं। परिणामस्वरूप कार्बन युक्त अपशिष्ट समुद्र तल में निक्षेपित हो जाता है, जो एक महत्त्वपूर्ण कार्बन सिंक का निर्माण करता है, यह कार्बन डाइऑक्साइड को ट्रैप करता है और वायुमंडलीय कार्बन सांद्रता विनियमन में सहायता करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**44. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- mActionSoft: mActionSoft एक एंड्रॉइड-आधारित ऐप है जो उपयोगकर्त्ताओं को पंचायतों द्वारा किये गए कार्यों की भौतिक प्रगति पर रिपोर्ट करने की अनुमति देता है। इस ऐप को पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विकसित किया गया था। **अतः विकल्प A सही है।**

**45. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**PM-JANMAN योजना क्या है?**

- के बारे में :
  - PM-JANMAN एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों को मुख्यधारा में लाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह योजना (केंद्रीय क्षेत्र तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के एकीकरण) जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों एवं PVTG समुदायों के सहयोग से कार्यान्वित की जाएगी।
  - यह योजना 9 संबंधित मंत्रालयों द्वारा देख-रेख किये जाने वाले 11 महत्त्वपूर्ण कार्यप्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करेगी, जो PVTG वाले गाँवों में मौजूदा योजनाओं के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करेगी।
    - इसमें पीएम-आवास योजना के तहत सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल तक पहुँच, बेहतर स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, पोषण, सड़क एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी के साथ-साथ स्थायी आजीविका के अवसर सहित विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं।
  - इस योजना में वन उपज के व्यापार के लिये वन धन विकास केंद्रों की स्थापना, 1 लाख घरों के लिये ऑफ-ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली तथा सौर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - 
  - इस योजना से PVTG के साथ भेदभाव एवं उनके बहिष्कार के विविध व प्रतिच्छेदन रूपों का समाधान कर राष्ट्रीय एवं वैश्विक विकास में उनके अद्वितीय व मूल्यवान योगदान को मान्यता और महत्त्व देकर PVTG के जीवन की गुणवत्ता तथा कल्याण में वृद्धि होने की उम्मीद है।

**46. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- 12 अगस्त, 2011 को NMCG को सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत एक सोसायटी के रूप में सूचीबद्ध किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इसने राष्ट्रीय गंगा नदी बेसिन प्राधिकरण (NGRBA) की कार्यान्वयन शाखा के रूप में कार्य किया, जिसे पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम (EPA), 1986 के प्रावधानों के तहत गठित किया गया था।
- NGRBA को वर्ष 2016 में भंग कर दिया गया और उसकी जगह राष्ट्रीय गंगा नदी पुनर्जीवन संरक्षण तथा प्रबंधन परिषद ने ले ली।
- इसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**47. उत्तर : D**

**व्याख्या:**

**कालाज़ार:**

- विसेरल लीशमैनियासिस को आमतौर पर काला अज़ार के रूप में जाना जाता है, यह एक धीमी गति से बढ़ने वाली स्वदेशी बीमारी है जो जीनस लीशमैनिया के प्रोटोजोआ परजीवी के कारण होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे काला ज्वर या दमदम ज्वर भी कहते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत में लीशमैनिया डोनोवानी इस बीमारी को फैलाने वाला एकमात्र परजीवी है। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

**48. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय ने संविधान के अनुच्छेद 370 में संशोधन करने के केंद्र सरकार के वर्ष 2019 के कदम पर अपना निर्णय सुनाया। इस निरसन ने पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर को प्रदत्त विशेष दर्जा समाप्त कर दिया था। न्यायालय ने अनुच्छेद 370 को रद्द करने वाले संवैधानिक आदेश को वैध माना।**

- जम्मू-कश्मीर को छूट प्रदान करते हुए 17 अक्तूबर, 1949 को एक 'अस्थायी प्रावधान' के रूप में अनुच्छेद 370 को भारतीय संविधान में शामिल किया गया, इससे जम्मू-कश्मीर को अपना संविधान बनाने की अनुमति प्राप्त हुई और राज्य में भारतीय संसद की विधायी शक्तियों के प्रयोग पर प्रतिबंधित लगा दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे एन. गोपालस्वामी अय्यंगर ने संविधान के मसौदे में अनुच्छेद 306A के रूप में पेश किया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1954 के राष्ट्रपति आदेश को संविधान (जम्मू-कश्मीर पर लागू) आदेश, 2019 द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - अनुच्छेद 35A जम्मू-कश्मीर विधानसभा को राज्य के स्थायी निवासियों और उनके विशेष अधिकारों को परिभाषित करने का अधिकार देता है।

**49. उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- महाधिवक्ता के विषय में:
  - भारत के संविधान के अनुच्छेद 165 के तहत प्रत्येक राज्य का राज्यपाल, उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त होने के लिये अर्हित किसी व्यक्ति को राज्य का महाधिवक्ता नियुक्त करेगा।
  - भारत में महाधिवक्ता राज्य का उच्च विधि अधिकारी होता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - उसके पास राज्य के भीतर किसी भी न्यायालय में खुद को पेश करने का पूर्ण अधिकार है।
  - उसके पास राज्य विधानमंडल अथवा राज्य विधानमंडल द्वारा शुरू की गई किसी भी समिति की कार्यवाही में मतदान के विशेषाधिकार का अभाव है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - हालाँकि उसके पास बोलने तथा इन कार्यवाहियों में भाग लेने का अधिकार बरकरार है। **अत: कथन 3 सही है।**

**50. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बबून, पुरानी दुनिया के बंदर हैं जो पापियो वंश का हिस्सा हैं।
- पापियो अनुबिस और पापियो हमाद्रियास दोनों बबून की प्रजातियाँ हैं। पापियो अनुबिस सबसे व्यापक रूप से वितरित बबून प्रजाति है, जो अधिकांश मध्य उप-सहारा अफ्रीका में पाई जाती है। पापियो हमाद्रियास अफ्रीकी महाद्वीप पर दक्षिणी लाल सागर के क्षेत्र, इथियोपिया, सोमालिया और इरिट्रिया में पाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IUCN रेड लिस्ट में उन्हें " "कम जोखिम, कम चिंतनीय" का दर्जा दिया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**51. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**भारतीय भेषज संहिता आयोग (IPC):**

- IPC, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की एक स्वायत्त संस्था है। **अत: कथन 1 सही है।**
- IPC को भारत में दवाओं के मानक तय करने के लिये बनाया गया था। इसका मूल कार्य इस क्षेत्र में प्रचलित बीमारियों के इलाज के लिये आमतौर पर आवश्यक दवाओं के मानकों को नियमित रूप से अद्यतन करना है।
- यह इंडियन फार्माकोपिया (मोनोग्राफ का संग्रह) को अद्यतन करके एवं दवाओं हेतु नए मानक शामिल करते हुए औपचारिक दिशानिर्देश जारी करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह नेशनल फॉर्मूलरी ऑफ इंडिया को प्रकाशित करके जेनेरिक दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देता है।

नोट :

- IPC आईपी रेफरेंस सब्सटेंस (IPRS) भी प्रदान करता है जो परीक्षण के तहत किसी वस्तु की पहचान और IP(Internet Protocol) में निर्धारित उसकी शुद्धता के लिये फिंगरप्रिंट के रूप में कार्य करता है।

**52. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- 77वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 1995: इंदिरा साहनी मामले में कहा गया था कि आरक्षण केवल प्रारंभिक नियुक्तियों में होगा, पदोन्नति में नहीं।
- हालाँकि संविधान में अनुच्छेद 16(4A) को जोड़ने से राज्य को SC/ST कर्मचारियों के लिये पदोन्नति के मामलों में आरक्षण के प्रावधान करने का अधिकार मिल गया, अगर राज्य को लगता है कि उनका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है।
- 81वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2000: इसमें अनुच्छेद 16(4B) पेश किया गया, जिसके अनुसार किसी विशेष वर्ष का रिक्त SC/ST कोटा, जब अगले वर्ष के लिये आगे बढ़ाया जाएगा, तो उसे अलग से माना जाएगा एवं उस वर्ष की नियमित रिक्तियों के साथ नहीं जोड़ा जाएगा।
- 85वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2001: इसमें पदोन्नति में आरक्षण का प्रावधान किया गया है जिसे जून 1995 से पूर्वव्यापी प्रभाव से अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सरकारी कर्मचारियों के लिये 'पारिणामिक वरिष्ठता' के साथ लागू किया जा सकता है।
- संविधान में 103वाँ संशोधन (2019): EWS (आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग) के लिये 10% आरक्षण।
- अत: विकल्प C सही है।

**53. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा (UDHR):**

- वर्ष 1948 में स्थापित UDHR अपने आप में कानूनी रूप से बाध्यकारी संधि नहीं है। हालाँकि इसके सिद्धांतों को व्यापक रूप से अपनाया गया है और कई देशों के कानूनी ढाँचे में एकीकृत किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- UDHR, नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध एवं इसके दो वैकल्पिक प्रोटोकॉल (शिकायत प्रक्रिया एवं मृत्युदंड पर) तथा आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय अनुबंध व इसके वैकल्पिक प्रोटोकॉल के साथ मिलकर तथाकथित मानवाधिकारों का अंतर्राष्ट्रीय विधेयक का निर्माण करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**54. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वैश्विक स्टॉकटेक ड्राफ्ट:**

- ग्लोबल स्टॉकटेक (GST) वर्ष 2015 में पेरिस समझौते के तहत स्थापित एक आवधिक समीक्षा तंत्र है। **अत: कथन 1 सही है।**
- GST टेक्स्ट के चौथे प्रारूप का अनावरण COP28 में किया गया।
- टेक्स्ट में वैश्विक तापमान वृद्धि को 1.5 डिग्री सेल्सियस के दायरे में रखने के लिये आठ कदम प्रस्तावित हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**55. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- वेब ब्राउज़र:
  - वेब ब्राउज़र WWW (वर्ल्ड वाइड वेब) का पता लगाने के लिये एक एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर है। यह सर्वर और उपयोगकर्त्ता के बीच एक इंटरफेस प्रदान करता है तथा वेब दस्तावेज़ों एवं सेवाओं के लिये सर्वर से अनुरोध करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह हाइपरटेक्स्ट मार्कअप लैंग्वेज (HTML) को रेंडर करने के लिये एक कंपाइलर के रूप में काम करता है जिसका उपयोग वेबपेज को डिज़ाइन करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - जब भी हम इंटरनेट पर कुछ भी खोजते हैं, तो ब्राउज़र HTML में लिखा एक वेब पेज़ लोड करता है, जिसमें टेक्स्ट, लिंक, छवियाँ और स्टाइलशीट तथा जावास्क्रिप्ट फंक्शन जैसे अन्य आइटम शामिल होते हैं।
    - गूगल क्रोम, माइक्रोसॉफ्ट एज, मोज़िला फायरफॉक्स और सफारी वेब ब्राउज़र के उदाहरण हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

**56. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) संयुक्त राष्ट्र की एक विशेष एजेंसी है जो भूखमरी के उन्मूलन हेतु अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों का नेतृत्त्व करती है।
  - प्रत्येक वर्ष 16 अक्तूबर को विश्व भर में विश्व खाद्य दिवस मनाया जाता है। यह दिवस वर्ष 1945 में इसकी स्थापना के वार्षिकोत्सव को चिह्नित करता है।
  - यह रोम (इटली) में स्थित संयुक्त राष्ट्र खाद्य सहायता संगठनों में से एक है।
- की गई पहलें:
  - विश्व स्तरीय महत्त्वपूर्ण कृषि विरासत प्रणाली (Globally Important Agricultural Heritage Systems-GIAHS)।
  - विश्व भर में मरुस्थली टिड्डे की स्थिति की निगरानी।
  - कोडेक्स एलिमेंटेरियस कमीशन (CAS) संयुक्त FAO/WHO खाद्य मानक कार्यक्रम के कार्यान्वयन से संबंधित सभी मामलों के लिये ज़िम्मेदार निकाय है।
  - खाद्य एवं कृषि के लिये पादप आनुवंशिक संसाधनों पर अंतर्राष्ट्रीय संधि का वर्ष 2001 में FAO के सम्मेलन के इकतीसवें सत्र में अंगीकरण।
- प्रमुख प्रकाशन:
  - विश्व मत्स्य पालन और जलकृषि राज्य (SOFIA)।
  - विश्व के वनों की स्थिति (SOFO)।
  - विश्व में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण की स्थिति (SOFI)।
  - खाद्य और कृषि की स्थिति (SOFA)।
  - कृषि वस्तु बाज़ार की स्थिति (SOCO)।
- अत: विकल्प D सही है।

**57. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- शैवाल को मुख्य रूप से जलीय, प्रकाश संश्लेषक तथा नाभिक धारण करने वाले जीवों के एक समूह के रूप में परिभाषित किया गया है जिनमें पादपों की वास्तविक जड़ों, तनों, पत्तियों एवं विशेष बहुकोशिकीय प्रजनन संरचनाओं का अभाव होता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- उनके प्रकाश संश्लेषक वर्णक पादपों की तुलना में अधिक विविध हैं तथा उनकी कोशिकाओं में ऐसी विशेषताएँ हैं जो पादपों व पशुओं में नहीं पाई जाती हैं।
- ऑक्सीजन उत्पादक एवं लगभग सभी जलीय जीवों के भोजन के रूप में उनकी पारिस्थितिक भूमिका है।
- वे कच्चे तेल के स्रोत के रूप में एवं मनुष्यों के लिये भोजन व कई भेषजीय तथा औद्योगिक उत्पादों के स्रोत के रूप में आर्थिक रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। शैवालों के अध्ययन को फाइकोलॉजी कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**58. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत भर में गेहूँ वितरण:**

- चावल के बाद गेहूँ भारत में दूसरी सबसे महत्त्वपूर्ण अनाज की फसल है।
- यह देश के उत्तर और उत्तर-पश्चिमी हिस्से में मुख्य खाद्य फसल है।

नोट :

- गेहूँ एक रबी फसल है जिसे पकने के समय ठंडे मौसम और तेज़ धूप की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत चीन के बाद विश्व का दूसरा सबसे बड़ा गेहूँ उत्पादक देश है। लेकिन वैश्विक गेहूँ व्यापार में इसका हिस्सा 1% से भी कम है। यह गरीबों के लिये रियायती भोजन उपलब्ध कराने के लिये इसका एक बड़ा हिस्सा रखता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**59. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राष्ट्रीय टेली मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम:
  - देश में गुणवत्तापूर्ण मानसिक स्वास्थ्य परामर्श एवं देखभाल सेवाओं तक पहुँच को और बेहतर बनाने के लिये NTMHP को अक्तूबर 2022 में लॉन्च किया गया था।
  - राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान (NIMHANS), बंगलुरु भारत का राष्ट्रीय सर्वोच्च केंद्र है, जो पूरे भारत में टेली मानस (Tele MANAS) की गतिविधियों का समन्वय करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - 25 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिये 36 टेली मेंटल हेल्थ एंड नॉर्मलसी ऑग्मेंटेशन सिस्टम (MANAS) सेल स्थापित किये हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**60. उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सत्य और सुलह आयोग जिसे 'सत्य और न्याय आयोग' या 'सत्य आयोग' के रूप में भी जाना जाता है, यह एक सरकारी तंत्र है जो न केवल स्वीकार करता है, बल्कि सरकार या कभी-कभी गैर-राज्य अभिनेताओं द्वारा किये गए गलत कार्यों को भी प्रकट करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- सत्य आयोग वह है जो चल रही घटनाओं के बजाय अतीत पर केंद्रित है।
- यह एक समयावधि में घटित घटनाओं के प्रतिरूप की जाँच करता है।
- आयोग प्रत्यक्ष और व्यापक रूप से प्रभावित आबादी से जुड़ता है तथा उनके अनुभवों के बारे में जानकारी एकत्र करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह एक अस्थायी निकाय है, जिसका उद्देश्य अंतिम रिपोर्ट के साथ निष्कर्ष निकालना है।
- आयोग समीक्षाधीन राज्य द्वारा आधिकारिक तौर पर अधिकृत या सशक्त है।
- दो सबसे प्रसिद्ध और सबसे परिणामी आयोग दक्षिण अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में स्थापित माने जाते हैं।
- भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका तथा नेपाल द्वारा सत्य आयोग स्थापित किये गए हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**61. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एशियाई विकास बैंक( ADB ):**

- एडीबी एक क्षेत्रीय विकास बैंक है जिसकी स्थापना वर्ष 1966 में एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - इसके 68 सदस्य हैं; 49 एशिया व प्रशांत क्षेत्र के भीतर से हैं और 19 बाहर से हैं।
- भारत एक संस्थापक सदस्य है। **अत: कथन 2 सही है।**
- एडीबी सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिये ऋण, तकनीकी सहायता, अनुदान तथा इक्विटी निवेश प्रदान करके अपने सदस्यों तथा भागीदारों की सहायता करता है।
- 31 दिसंबर 2022 तक, एडीबी के पाँच सबसे बड़े शेयरधारक जापान और अमेरिका (प्रत्येक के पास कुल शेयरों का 15.6%), चीन (6.4%), भारत (6.3%) तथा ऑस्ट्रेलिया (5.8%) हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- इसका मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है।

नोट :

**62. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने G20 ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में घोषणा की है कि भारत ने वर्ष 2023 से 20% इथेनॉल-मिश्रित पेट्रोल की शुरुआत की है और इसे वर्ष 2025 तक पूरे देश में विस्तारित करने का लक्ष्य रखा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत में इथेनॉल उत्पादन गन्ने के शीरा से लेकर चावल, मक्का और अन्य अनाजों से होता है।
- अनाज से इथेनॉल का उत्पादन शीरा (Molasses) की तुलना में अधिक होता है। चावल से 450-480 लीटर और अन्य अनाज से 380-460 लीटर प्रति टन इथेनॉल का उत्पादन होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

**63. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राज्यसभा ने हाल ही में मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें एवं कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 को मंज़ूरी दे दी, जो मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC) तथा चुनाव आयुक्तों (EC) की नियुक्ति की प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करता है।

**प्रमुख विशेषताऐं:**

- यह विधेयक चुनाव आयोग (चुनाव आयुक्तों की सेवा की शर्तें और व्यवसाय का संचालन) अधिनियम, 1991 का स्थान लेता है।
- यह CEC और ECs की नियुक्ति, वेतन एवं निष्कासन से संबंधित है।
  - नियुक्ति प्रक्रिया:
    - CEC और EC की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता/सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इस समिति में कोई पद रिक्त होने पर भी चयन समिति की सिफारिशें मान्य होंगी।
- वेतन एवं शर्तों में परिवर्तन:
  - CEC और ECs का वेतन एवं सेवा शर्तें कैबिनेट सचिव के सामान होंगी।
    - वर्ष 1991 के अधिनियम के तहत इनका वेतन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के वेतन के बराबर था। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**64. उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में तस्करी से संबंधित संवैधानिक एवं विधायी प्रावधान:
  - संवैधानिक निषेध: भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 मानव तस्करी और बेगार (बिना भुगतान के जबरन श्रम) पर प्रतिबंध लगाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - अनैतिक तस्करी (रोकथाम) अधिनियम, 1956 [Immoral Traffic (Prevention) Act- ITPA]: यह कानून विशेष रूप से व्यावसायिक यौन शोषण के लिये तस्करी को रोकने के उद्देश्य से प्राथमिक कानून के रूप में कार्य करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012: 14 नवंबर, 2012 को अधिनियमित यह अधिनियम बच्चों को यौन दुर्व्यवहार व शोषण से सुरक्षित करने हेतु समर्पित है।
    - इसमें यौन शोषण के विभिन्न रूपों को स्पष्ट तौर पर परिभाषित किया गया है, जिसमें पेनीट्रेटिभ और नॉन-पेनीट्रेटिभ मामलों के साथ-साथ यौन उत्पीड़न भी शामिल है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

नोट :

**65. उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- प्रतिकारी शुल्क: CVD,आयातित वस्तुओं पर निर्यातक देश में इन वस्तुओं के उत्पादकों को दी जाने वाली सब्सिडी की भरपाई के लिये लगाए जाने वाले शुल्क हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - CVD, एक उत्पाद के घरेलू उत्पादकों और एक ही उत्पाद के विदेशी उत्पादकों के बीच प्रतिस्पर्द्धा को समतुल्य करने के लिये हैं, जो अपनी सरकार से प्राप्त सब्सिडी के कारण इसे कम कीमत पर बेच सकते हैं।
- विश्व व्यापार संगठन (WTO), अपने सदस्य देशों द्वारा प्रतिकारी शुल्क लगाने की अनुमति देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- WTO का SCM समझौता: विश्व व्यापार संगठन (WTO) का सहायिकी तथा प्रतिकारी उपायों पर समझौता (Subsidies and Countervailing Measures- SCM समझौता) दो मुख्य पहलुओं का समाधान करता है जिनमें सहायिकी के संबंध में बहुपक्षीय नियम एवं सहायिकी युक्त आयात से होने वाली क्षति से बचाव के लिये प्रतिकारी उपायों का उपयोग शामिल है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि The Vision

नोट :